06- JULY- Pg- 1-ALL BHOOMI_Layout 1 7/6/2024 10:26 PM Page 1



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**2880 रुपए की पेटी कमाई बंटती थी छह हिस्सों में, ऊपर तक जाता था पैसा**

**अफसर, डिस्टलरीज और बिचौलियों का बनाया गया था रैकेट**

### कमीशन की राशि 75 से बढ़कर सौ रुपए तक पहुंची

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019-20 में शराब में प्रति पेटी 75 रुपए कमीशन देना तय हुआ। बाद के वर्षों में कमीशन की राशि 100 रुपए कर दिया गया। शराब निर्माता कंपनियों कमीशन देने में नुकसान न हो इस बात का भी ध्यान रखा गया, इसके लिए साल के नए टेंडर में शराब की कीमतों में उतने ही अनुपात (लोडिंग प्राइज) में वृद्धि की गई। जिसका भुगतान शराब निर्माता कंपनी, सिंडेकेट को नगद तथा अनवर ढेबर और त्रिलोक सिंह ढिल्लन के बनाए गए फर्म में जमा किया जाता था। इसके एवज में शराब निर्माण करने के लिए उपयोग में आने वाले रॉ मटेरियल, कनकी चावल की आपूर्ति में ओवर बिलिंग के माध्यम से करते थे।

### दूसरी बैठक में नकली होलोग्राम का विचार

सिंडिकेट द्वारा कमीशन की और ज्यादा वसूली के लिए नई व्यवस्था लाने अनवर ढेबर के होटल में पुनः बैठक बुलाई गई। इसमें डिस्टलरियों से देशी शराब निर्माण कर सीधे दुकान तक पहुंचाने किसी तरह से बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई गई। उसी बैठक में अन अकाउंटेड शराब दुकान तक पहुंचाने नकली होलोग्राम का उपयोग करने विचार किया गया। इसके बाद नकली होलोग्राम बनाने एपी त्रिपाठी के माध्यम से उत्तरप्रदेश, नोएडा के विधु गुप्ता से संपर्क कर नकली होलोग्राम तैयार कराया गया। अतिरिक्त शराब के लिए बॉटलिंग की व्यवस्था करने अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह तथा उसके सहयोगियों को ठेका दिया गया।




## होटल वेनिंगटन में इकट्ठा होती थी शराब की काली कमाई हवाला के जरिए भेजी जाती थी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है। उसमें कोर्ट को बताया गया है कि शराब घोटाले को लेकर पहली बैठक वर्ष 2019 के शुरुआत में अनवर ढेबर के जेल रोड स्थित होटल वेनिंगटन में हुई थी। बैठक में शराब निर्माता कंपनियों के साथ अफसर शामिल हुए थे। बैठक का आयोजन अनवर ढेबर ने किया था। उसके बाद वेनिंगटन होटल ही शराब की काली कमाई का अड्डा बन गया था। काली कमाई वहीं इकट्ठा होती थी।

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट के मुताबिक बैठक में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी की ओर से नवीन केडिया, भाटिया वाइंस प्राइवेट लिमिटेड से भूपेंदर पाल सिंह भाटिया तथा प्रिंस भाटिया, वेलकम डिस्टलरीज की ओर से राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू तथा हीरालाल जायसवाल के साथ ही नवीन केडिया के संपर्क अधिकारी संजय फतेहपुरिया उपस्थित हुए थे। अफसरों में अरुणपति त्रिपाठी के साथ ही शराब कारोबारी अरविंद सिंह उपस्थित थे।

### अन अकाउंटेड शराब पहुंचाने 15 जिले चुने गए

अन अकाउंटेड शराब खपाने के लिए 15 जिलों का चयन किया गया। अन अकाउंटेड शराब को खपाने के लिए एपी त्रिपाठी ने जिला आबकारी अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में आबकारी अफसरों को अन अकाउंटेड शराब खपाने सुपरवाइजर के साथ कोआर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा अन अकाउंटेड शराब की रकम कलेक्शन करने की जिम्मेदारी अरविंद सिंह तथा विकास अग्रवाल को दिया गया।




## दवा निगम में सर्जिकल स्ट्राइक... एक साथ बदले वेयर हाउस के सहायक प्रबंधक

*अनावश्यक दवा और रीएजेंट सप्लाई की जांच के बीच सीजीएमएससी के ड्रग वेयर हाउस में पदस्थ सहायक प्रबंधकों को एक साथ बदल दिया गया है। सभी पिछले दस साल से वहां जमे हुए थे। आदेश जारी कर उन्हें मूल विभाग में वापस भेजे जाने से कई तरह की चर्चा विभागीय स्तर पर हो रही है। हरिभूमि ने दवा निगम में भर्राशाही की खबरें लगातार प्रकाशित की थीं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि निगम में कसावट लाएंगे। बाकी मामलों की जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई करेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में बिना आवश्यकता रीएजेंट की सप्लाई और बिना डिमांड के सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक दवा की आपूर्ति के मामले में सीजीएमएससी चर्चा में है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर इन प्रकरणों की उच्च स्तर पर जांच की जा रही है। इसी बीच दवा कार्पोरेशन के कामकाज में कसावट लाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सीजीएमएससी के राज्य में संचालित 16 औषधि भंडार के प्रभारियों को थोक में बदल दिया गया है।

- दस साल से जमे हुए थे मूल विभाग में भेजा गया चर्चा कई तरह की
- हरिभूमि ने भर्राशाही की खबरें प्रकाशित की थीं, मंत्री बोले अभी और कार्रवाई होंगी




### इन्हें हटाया गया

अंबिकापुर एवं कोरिया ड्रग वेयर हाउस से मो. वासिम, बिलासपुर से दीपक शर्मा, दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर के सहायक प्रबंधक अवनीश कुमार यादव, जयंत कुमार जैन ड्रग वेयर हाउस धमतरी एवं कांकेर, राजकुमार देवांगन ड्रग वेयर हाउस दुर्ग एवं राजनांदगांव, नरोत्तम साहू दवा गोदाम जांजगीर एवं कोरबा, दिलीप कुमार पारही औषधि गोदाम जशपुर एवं रायगढ़, दीपक लांझी कवर्धा, महिमा सिंह दुबे ड्रग वेयर हाउस महासमुंद, विरेंद्र कुमार देवांगन औषधि गोदाम रायपुर को हटाया गया है।

### व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे

स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों को दवाओं की आपूर्ति बिना व्यवधान के हो, इसके लिए सीजीएमएससी की कार्यशैली में कसावट लाई जा रही है। इसके तहत वेयर हाउस के प्रभारियों को बदला गया है। दवाओं और रीएजेंट की सप्लाई के मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट मिलते ही जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

**- श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री

### लंबे समय से पदस्थ थे

राज्य के सभी ड्रग वेयर हाउस में सहायक प्रबंधकों की नई नियुक्ति की गई है। पुराने कर्मचारी लंबे समय से पदस्थ थे, जिन्हें हटा दिया गया है।

**- पद्मिनी भोई,** एमडी, सीजीएमएससी

### खबर संक्षेप

#### कुलगाम में चार आतंकी मारे गए, जवान शहीद



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। जिले में दो जगहों पर मुठभेड़ देर रात तक जारी रही। इस दौरान चार आतंकी मारे गए। मोडरगाम गांव में आतंकवादियों की सूचना मिली थी।

**प्रेमप्रकाश की याचिका स्वीकार**

## विधायक देवेंद्र यादव को हाईकोर्ट से झटका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पूर्व बीजेपी विधायक प्रेम प्रकाश पांडेय की चुनावी याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। दरअसल इससे पहले, विधायक देवेंद्र यादव ने सुनवाई नहीं करने के लिए आवेदन लगाया था। देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी बताने का आरोप लगा है। आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का भी आरोप है।

- 31 जुलाई को होगी सुनवाई

#### आयोग को नहीं बनाया गया पक्षकार

याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि विधायक यादव ने आयोग के दिशानिर्देश और जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन करते हुए संपत्ति के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को भी दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने साल 2018-2019 में उन्होंने अपनी आय 2 लाख रुपए बताई थी। नामांकन पत्र जमा करते समय प्रस्तुत शपथ पत्र में भी अपनी दो लाख की आय होना बताया है।








## 'तौबा तौबा' में विक्की के डांस मूव्स के कायल हुए ऋतिक

**मुंबई।** 'बैड न्यूज' का पहला गाना 'तौबा तौबा' रिलीज होने के बाद से ही ट्रेंड कर रहा है और इसकी तारीफ भी हो रही है। हाल ही में, विक्की कौशल के कातिलाना मूव्स ने अभिनेता ऋतिक रोशन का ध्यान अपनी ओर खींचा। 'तौबा तौबा' नाम का यह गाना हाल ही में, रिलीज किया गया। 'तौबा तौबा' शीर्षक वाले इस पार्टी नंबर के वीडियो में गायक करण औजला के अलावा फिल्म की मुख्य जोड़ी, विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। अब इस गाने के लिए ऋतिक रोशन ने विक्की कौशल के डांस की तारीफ की है, जिसपर अभिनेता ने प्रतिक्रिया दी है। गाना रिलीज होने के बाद, विक्की ने बुधवार को गाने का एक छोटा सा क्लिप शेयर किया है।

लाइफ Style



# आलिया
## 'अल्फा' की शूटिंग शुरू

आलिया भट्ट, यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के स्पाई यूनिवर्स पर आधारित अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खबर आई थी कि वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आलिया और शारवरी वाघ ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए अपनी तैयारी शुरू की थी। वहीं सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर भी कई तरह की जानकारियां सामने आई थीं। फिल्म के नाम का खुलासा खुद आलिया भट्ट ने अभिनेत्री शरवरी वाघ के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर किया। आलिया भट्ट ने आखिरकार घोषणा कर दी है कि उनकी आने वाली स्पाई यूनिवर्स फिल्म का नाम 'अल्फा' है। बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग आखिरकार शुरू हो गई है। उन्होंने सेट से शूटिंग का पहला वीडियो भी साझा किया।साझा किए गए वीडियो में 'अल्फा' लिखा हुआ था और आलिया की आवाज में कहा गया था, 'ग्रीक वर्णमाला का सबसे पहला अक्षर और हमारे कार्यक्रम का आदर्श वाक्य। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर।

ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा।' आलिया भट्ट के घोषणा वीडियो ने नेटिजन्स को फिल्म के लिए काफी उत्साहित कर दिया है। पोस्ट शेयर होने के तुरंत बाद प्रशंसक कमेंट सेक्शन में अपने उत्साह के बारे में बताने लगे। दर्शकों ने कहा कि अब वे फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकते।

हॉलीवुड मसाला



## भारतीय क्रिकेट टीम के हैं प्रशंसक

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ह्यू जैकमैन ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा है। उनके साथ इंटरव्यू में मौजूद उनके सह-कलाकार और मित्र रयान रेनॉल्ड्स को भी आश्चर्यचकित कर दिया। ह्यू ने फिर कहा, 'तुमने कप ले लिया।' हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।



## अंबानी की शादी का सबसे महंगा स्टार

**मुंबई।** हॉलीवुड के फेमस सिंगर जस्टिन बीबर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में परफॉर्म करने के लिए भारत पहुंचे। उनकी फीस अब तक की सबसे ज्यादा बताई जा रही है। देश में उनके कॉन्सर्ट में हमेशा जबरदस्त भीड़ देखी गई है, फैंस अपने पसंदीदा स्टार की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं। जस्टिन बीबर की लाइफस्टाइल उतनी ही भव्य है जितनी उनकी नेटवर्थ है। पूरे अमेरिका में उनके पास कई शानदार संपत्तियां हैं। सेंसेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर एक बार फिर दुनिया भर में सुर्खियां बटोर रहे हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के भव्य संगीत में परफॉर्म करने के 83 करोड़ रुपए लेने की बात सामने आई है। सेलिब्रिटी मानकों के हिसाब से भी यह एक बहुत बड़ी रकम है, जो जस्टिन बीबर के फेम को दिखाती है।



## बिकास की फिल्म को मिला हुमा का साथ

**मुंबई।** अपनी पहली ही फिल्म 'चौरंगा' से समीक्षकों और दर्शकों की नजरों में छाए लेखक-निर्देशक बिकास मिश्रा की मेहनत रंग ला रही है। उनकी अगली फिल्म 'बयान' को अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक कंपनी का साथ मिल गया है। फिल्म के लिए हुमा कुरैशी पहले ही हां कर चुकी हैं। उनके अलावा फिल्म में दो दिग्गज कलाकार और होंगे। जानकारी के मुताबिक बिकास मिश्रा की अगली फिल्म 'बयान' नाम से बनने जा रही है। इस फिल्म को लेकर बिकास काफी दिनों से मेहनत करते रहे हैं और अब तक जिन लोगों ने भी फिल्म की कहानी सुनी है, सबने इसे एक बेहतरीन पटकथा बताया है। बिकास की इस कहानी को फिल्म निर्माता शिलादित्य बोरा का साथ मिला है। इस फिल्म को विकसित करने में हॉलीवुड की फिल्म इंडिपेंडेंट का खासा साथ रहा है।



## 'चंदू चैंपियन' के सेट पर बाल-बाल बचे थे

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को हाल ही रिलीज हुई कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में देखा गया। अभिनेता ने भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका को शानदार तरीके से निभाया। इस किरदार को निभाने के लिए कार्तिक ने 18 किलो वजन कम किया और अपने शरीर में जबरदस्त परिवर्तन लेकर आएं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन'के सेट पर हुई एक घटना को जिक्र किया, जिसमें उनकी आंखों में चोट लग सकती थी। एक साक्षात्कार में कार्तिक आर्यन ने शूटिंग के दौरान के एक किस्से को याद किया जब वह एक युद्ध के दृश्य का रिहर्सल कर रहे थे। कार्तिक ने साझा किया कि उन्हें सेट पर एक विस्फोट का अनुभव हुआ जिससे वह डर गए थे। वह धमाका ठीक उनकी दाहिनी आंख के पास हो गया था।

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस' में ही नहीं, इन सीरियल्स में भी देखने को मिला दो पत्नियों का ड्रामा

**नई दिल्ली।** अनिल कपूर के विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के कंटेस्टेंट और यूट्यूबर अरमान मलिक लोगों के बीच अपनी दो शादी के कारण जबरदस्त लाइमलाइट में बने हुए हैं। जब से उन्होंने अपनी दोनों बीवियों पायल और कृतिका के साथ इस शो में एंट्री की है, तबसे ही उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में अरमान मलिक की रियल लाइफ जैसी कई मूवी बन चुकी है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ टीआरपी में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले इन टीवी सीरियल में भी दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिला है और कुछ में अभी भी ये ड्रामा देखने को मिल रहा है। असल जिंदगी ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया यानी टीवी जगत में भी इस तरह की हैरान कर देने वाली कहानियां दिखाई गई हैं। किसी सीरियल में लीड एक्टर को दो शादी कर पछताते देखा गया तो वहीं कुछ मजबूरी में दो पत्नियों के साथ रहता है।

**'गुम है किसी के प्यार में' :** निर्माता राजेश राम सिंह के इस टीवी सीरियल के दोनों सीजन में दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिल चुका है। 'गुम है किसी के प्यार में' के पहले सीजन में आपको विराट, सई और पाखी के बीच नाटक देखने को मिलता है। वहीं दूसरे सीजन में ईशान को सवी और सीवा के साथ रोमांस करते हुए देखा जाता है।



**ये रिश्ता क्या कहलाता है :** राजन शाही के मोस्ट पॉपुलर सीरियल में से एक और टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में दूसरे, तीसरे और चौथे सीजन में दो पत्नियों वाला जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के दूसरे में कार्तिक की दो पत्नीयां नायरा और टीना होती हैं। तीसरे में अभिमन्यु की भी दो पत्नीयां अक्षरा और आरोही होती है। वहीं चौथे सीजन में अरमान को अभिरा और रूही के साथ देखा जा रहा है।

**इमली :** इस सीरियल में आदित्य की एक्स पत्नी इमली (सोमबुल तौकीर खान) होती है जिसे वह तलाक नहीं देता है। वहीं उसकी दूसरी पत्नी मालिनी (मयूरी देशमुख) उसके साथ सौतन के घर में रहती है। हैरान करने वाली बात ये थी कि दूसरी पत्नी को पता नहीं था कि उसका पति पहले से शादीशुदा है। सीरियल 'इमली' के पहले सीजन में दो पत्नीयों वाला शानदार नाटक दिखाया जा चुका है।

## राम पोथिनेनी-संजय दत्त की 'डबल इस्मार्ट' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के साथ निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं, अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला था, क्योंकि निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था। फिल्म की शूटिंग पर भी निर्माता समय-समय पर दर्शकों को अपडेट दे रहे हैं। वहीं आज भी उन्होंने दिलचस्प जानकारी साझा की। हाल ही में फिल्म का गाना रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। वहीं अब निर्माता ने शूटिंग के बारे में बड़ा अपडेट साझा किया है। पहला सिंगल रिलीज करने के बाद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म की पूरी शूटिंग समाप्त हो गई है।



इसके साथ ही फिल्म का एक आकर्षक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। अब फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन शुरू होगा। इससे पहले फिल्म का दमदार टीजर जारी किया गया था। टीजर वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली थी। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी थे।

## साई पल्लवी ने अवॉर्ड मिलने पर बरसो रे मेघा गाने पर किया डांस



नई दिल्ली। वायरल वीडियो में रणबीर कपूर स्टारर नितेश तिवारी की रामायण एक्ट्रेस साई पल्लवी ने अवॉर्ड जीतने के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन के बरसो रे मेघा गाने पर स्टेज पर डांस करती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में साई स्टेज पर बरसो से मेघा गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। उन्हें स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड मिला है। जिसके बाद वो स्टेज पर आती हैं और वो डांस करना शुरू करती हैं। साई महरुन कलर की साड़ी पहनकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स देखकर फैंस हूटिंग करना शुरू कर देते हैं। वो उनको इस तरह से डांस करता देख दीवाने हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी फैंस डांस देखने के बाद तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। रणबीर कपूर स्टारर और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण में सीता के रोल में नजर आने वाली एक्ट्रेस साई पल्लवी साउथ की सुपरस्टार हैं। उन्हें शानदार एक्टिंग के साथ सादगी के लिए जानी जाती हैं। फिल्में हो या रियल लाइफ हर जगह उनका सिंपल सादगी से भरा रूप फैंस को देखने को मिलता है।

## 'एनकेआर 22' में देखने को मिलेगी महापुरुष की गाथा



**मुंबई।** नंदमुरी कल्याण राम ने 5 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी नई फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। 'एनकेआर 22' नंदमुरी की अगली फिल्म होगी। फिलहाल यह फिल्म का अस्थाई नाम है। 'एनकेआर 22' का ऐलान एक पोस्टर के जरिए किया गया है। फिल्म का निर्माण एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बिम्बिसार से पहले त्रिगर्थला पर शासन करने वाले एक महापुरुष की महिमा को देखने के लिए तैयार हो जाइए।' 'एनकेआर 22' नंदमुरी कल्याण राम अभिनीत 'बिम्बिसार' का ही दूसरा भाग है। फिल्म के पहले भाग को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यही वजह है कि अब 'एनकेआर 22' को लेकर कल्याण राम के फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

# कई कलाओं में उस्ताद हैं ये अभिनेता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर साल भारतीय सिनेमा में हजार से भी ज्यादा फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों में लाखों लोग काम करते हैं। इन में से कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं, जिनमें कई सारी प्रतिभाएं होती है। कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। कभी अभिनय कर, तो कभी निर्देशन, तो कभी गायकी। आज इस लेख में हम उन अभिनेताओं की बात करने वाले हैं, जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। ये अभिनय में तो शानदार हैं ही, साथ में गायकी पर भी इन अभिनेताओं की अच्छी पकड़ है।

## अभिनय के साथ-साथ गायकी में भी हैं माहिर

### दिलजीत दोसांझ



दिलजीत दोसांझ भारतीय मनोरंजन जगत के जाने माने चेहरा हैं। वह पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार अभिनेता हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्में भी की हैं। हाल में ही वह जट्ट एंड जूलियट में नीरू बाजवा के साथ नजर आए हैं। इससे पहले वह निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आए थे। इसके अलावा वह हाल में ही जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' पर भी शिरकत करते नजर आए थे। उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। शानदार अभिनेता होने के साथ-साथ वह एक बेहतरीन गायक भी हैं। उन्होंने देश-विदेश में कई म्यूजिक कॉन्सर्ट किया है। इसके अलावा नियमित रूप से भी वह अपना गाना रिलीज करते रहते हैं।

### अमिताभ बच्चन



अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के महानायक कहे जाते हैं, ऐसे में फिर वह इस लिस्ट में भी कहां पीछे रहने वाले थे। अमिताभ अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आए हैं। उन्होंने 81 साल की उम्र में भी काफी शानदार एक्शन किया है। अदाकारी में तो उन्होने अपना लोहा मनवाया है ही, उन्होंने गायकी में भी काफी प्रसिद्धि पाई है। अमिताभ ने कई मौके पर गाने गाए हैं और उनके सारे गाने लोगों द्वारा काफी पंसद किए गए हैं। इनमें 'रंग बरसे', 'मैं यहां तू वहां' आदि शामिल हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म में भी उन्होंने एक गाने को आवाज दी है।

### एमी विर्क



एमी विर्क पंजाबी फिल्मों के बड़े स्टार हैं। उन्होंने पंजाबी के अलावा कुछ हिंदी फिल्में भी की हैं। उनकी एक और आगामी हिंदी फिल्म 'बैड न्यूज' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह विक्की कौशल और तृप्ति दिमरी के साथ नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म किस्मत पंजाबी फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। अभिनय के साथ-साथ वह काफी अच्छे गायक हैं। उन्होंने कई सारे गाने गाए हैं।



### आयुष्मान खुराना

आयुष्मान खुराना हिंदी फिल्मों के जाने माने अभिनेता हैं। उनकी हर फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता है। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपने लिए एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। उनकी फिल्मों की एक खास शैली है। इसके साथ ही उनकी हर फिल्मों में समाज के लिए कोई ना कोई संदेश छिपा होता है। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'विक्की डोनर' से डेब्यू करने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। इस फिल्म में आयुष्मान ने एक गाना भी गया था, जो काफी पसंद किया गया था। ये गाना था पानी दा रंग। इसके अलावा भी कई मौके पर वह अपनी गायिकी का जलवा दिखाते रहते हैं। आयुष्मान एक बेहतरीन अभिनेता के साथ-साथ बेहतरीन गायक भी हैं।

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 जुलाई 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

4 नियम विरुद्ध कर दिया नाली निर्माण



(चिरमिरी) प्रवेश प्रारंभ (मनेन्द्रगढ़)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 8982767184, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 8435000498, 9203914561

## खबर संक्षेप

### साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के लिए ई जिला प्रबंधक संविदा पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन 4 जुलाई को किया गया था। साक्षात्कार के लिए कुल 24 पात्र अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। इनमें से 17 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 7 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थित 17 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार का परिणाम सूची जिले की वेबसाइट पर और कार्यालय कलेक्ट्रेट के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कल

**बैकुण्ठपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। जिले में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान है। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि 8 जुलाई को राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में दोपहर 12 बजे एकत्रित होकर बिजली ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे।

### लाइवलीहुड कॉलेज के मिश्रा बने प्रभारी प्राचार्य

**मनेन्द्रगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी का गठन छग सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन पंजीकृत किया गया है। अभी वर्तमान में जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी में प्राचार्य का पद रिक्त है। प्रशासकीय कार्य व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शशि शेखर मिश्रा जो वर्तमान में तहसीलदार चिरमिरी के पद पर कार्यरत हैं उन्हें अब प्रभारी प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज के रूप में नियुक्त किया गया है।

### अब तक 634.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** जिले में 1 जून से 5 जुलाई तक 634.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुंठपुर में 97.0, सोनहत में 140.1, पटना में 304.6 एवं पोड़ी बचरा में 92.5 मिमी दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को बैकुंठपुर में 11.5, सोनहत में 26, पटना में 21.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर वाहनों की लगी लंबी कतार, हादसों का गढ़ है धनुहर नाला

# धनुहर नाले में हाइवा पलटा, 12 घंटे मार्ग जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर स्थित धनुहर नाले में पूर्व में दर्जनों हादसों के बावजूद संकरे नाले में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। शायद शासन-प्रशासन को धनुहर नाले पर किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजार है।

जानकारी के अनुसार इस पुलिया पर प्रतिवर्ष कई वाहन दुर्घटना के शिकार होते हैं। बीती रात्रि फिर धनुहर नाला में फिर एक लोडेड वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, लेकिन इस घटना में वाहन चालक एवं क्लीनर सुरक्षित बच गए। यह घटना 5-6 जुलाई की दरम्यानी रात्रि में घटित हुई। धनुहर नाला के एक छोर में ही वाहन के पलट जाने से इस मार्ग पर आवाजाही करीब 12 घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा। इस दौरान नाला के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। काफी मशक्कत के बाद पलटे हाईवा वाहन को हटाया गया, इसके बाद आवामन सुचारू रूप से शुरू हो पाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 5-6 जुलाई की रात्रि में कोयले से भरा 18 चक्का हाईवा वाहन बैकुंठपुर की ओर आ रहा था । इसी दौरान बैकुंठपुर बिलासपुर मार्ग पर करीब 10 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मनसुख का धनुहर नाला पार कर जैसे ही चढ़ाई करने लगा, इसी दौरान कोयले से भरा भारी वाहन अनियंत्रित होकर बेक होने लगा, जिससे कि वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे वाहन का सामने का हिस्सा उपर उठ गया ,इससे वाहन पूरी तरह से सड़क के बीचों-बीच हो गया, इस कारण इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई। इस घटना में चालक व हेल्पर को किसी तरह की चोटे नहीं आई। वहीं दूसरे दिन 6 जुलाई को पुलिस के सहयोग से पुल के एक हिस्से में दुर्घटनाग्रस्त हुई वाहन को उठाकर हटाया गया। इसके बाद यह मार्ग खाली हो गया और वाहनों की आवाजाही शुरू ⏭ शेष पेज 4 पर



धनुहर नाला में पलटा हाइवा।



सड़क पर बिखरा कोयला।



वाहनों की लगी कतार।



क्रेन और जेसीबी की मदद से हटाया गया वाहन।

### अचानक मोड़ व चढ़ाई है खतरनाक

धनुहर नाला में पुलिया ऐसी बनाई गई है कि एक ओर पुलिया के अंतिम छोर के पास मोड़ की सड़क है जो कि चढ़ाई वाला है। लोडेड वाहन अक्सर इसी छोर में चढ़ाई करने के दौरान अनियंत्रित होकर पलटती रही है। चूंकि पुलिया के अंतिम छोर के बाद अचानक मोड़ और चढ़ाई है, इसके कारण लोडेड वाहन धीमी गति में होती है, इस कारण कई वाहन बेक हो जाती है, जिससे कि दुर्घटना घटित होती है। यही कारण है कि यहां पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की अत्यंत जरूरत है।

### अब तक घटित हो चुकी है दर्जनों दुर्घटना

बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर पड़ने वाले धनुहर नाले में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई पहली घटना नहीं है, इसके पूर्व भी दर्जनों वाहन दुर्घटना का शिकार धनुहर नाले पर हो चुके हैं। हादसों का नाला बनने के बाद भी इस जगह पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। धनुहर नाले पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण जब तक नहीं कराया जाताß तब तक यह नाला हादसों का नाला बना रहेगा।

### सिर्फ लोडेडवाहन ही पलट रही है

धनुहर नाले में वैसे तो कई वाहन दुर्घटना के शिकार हुए हैं, इनमें से ज्यादातर लोडेड वाहन ही दुर्घटना ग्रस्त हुई हैं। इनमें वाहन चालक एवं हेल्पर को हल्की चोट के अलावा गंभीर रूप से घायल नहीं हुए हैं। खास बात यह है कि धनुहर नाले में कोई भी यात्री बस अब तक दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ है। यदि कोई बस दुर्घटना ग्रस्त होती है तो गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।



शाला प्रवेशोत्सव में शामिल स्वास्थ्य मंत्री व अन्य।

# शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

आत्मानंद परिसर के सामने उत्साहपूर्ण वातावरण में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद रहे।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेणुका सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया ने की। जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मंच पर एसपी चंद्रमोहन सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जमुना पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, आलोक जायसवाल, दिनेश्वर मिश्रा, धर्मेन्द्र पटवा, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज यादव, धनंजय पांडे मौजूद रहे। उपस्थित अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, प्राचार्य सुदीप्ता शर्मा, मधु कश्यप, डॉ. रश्मि जैन, बीईओ सुरेन्द्र जायसवाल, एबीओ वीरेन्द्र पाण्डेय, बीईओ खड़गवां बलविन्द्र सिंह, प्राचार्य संजीव सिंह रामआश्रय शर्मा, श्री कुरचनिया समेत स्कूल शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने इस कहा कि 26 जून से 10 जुलाई तक जिले में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसमें हम शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक व यूनिफार्म देकर उनका स्वागत किया।

■ 10 जुलाई तक जिले में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

आने वाले समय में कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 3048 छात्राओं को सरस्वती साइकल योजना के तहत साइकल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश तिवारी, सीएमओ इशहाक खान, प्राचार्य सरोज बाला स्याग, प्राचार्य यूबी मिश्रा, बीईओ सुरेन्द्र जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, नित्यानंद द्विवेदी, एबीओ वीरेन्द्र पाण्डेय, डॉ. रश्मि सोनकर, जया कर, उर्मिला राव, डीआरयूसीसी सदस्य मनीष अग्रवाल, पंकज जैन, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, आदित्य राज डेविड, अजमुद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरांगना श्रीवास्तव ने किया।

# चिरमिरी-नागपुर रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए पीएम को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने फंड रिलीज हो चुके चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना का कार्य अविलंब प्रारंभ कराने हस्तक्षेप करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्रीय रेलमंत्री पीयूष गोयल एवं रेलवे बोर्ड अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को पत्र प्रेषित किया है।



तत्संबंध में उन्होंने कहा कि उपरोक्त बहुप्रतीक्षित जीवनदायिनी परियोजना को 2 वर्षों में पूर्ण कर लेने के लिए वर्ष 2018 में हरदी बाजार कोरबा एवं चिरमिरी रेल परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा भूमि पूजन रेलमंत्री पीयूष गोयल एवं छग के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के द्वारा संपन्न हो चुका है। केन्द्र सरकार एवं छग शासन द्वारा परियोजना के लागत का 50-50 प्रतिशत की साझा वित्तीय जिम्मेदारी स्वीकारते हुए एमओयू हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश इस बीच छग में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार सत्तारूढ़ हो जाने से यह परियोजना 5 वर्षों के लिए अधर में लटक गई और भूपेश सरकार ने अपने हिस्से का 50 प्रतिशत फंड अंत तक रिलीज नहीं किया, जिसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को भुगतना पड़ा, जो अपने विधायकों के साथ सत्ताच्युत हो गई तो दूसरी ओर इन बीते वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद एवं पूरी तैयारी के बावजूद भी यह परियोजना ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। पूर्व आरयूसीसी सदस्य श्री पटेल ने कहा कि छग में भाजपा की विष्णु देव सरकार पदस्थ होते ही 9 फरवरी को राज्य सरकार ने अपने हिस्से का 50 प्रतिशत फंड रिलीज करने का प्रावधान अपने वित्तीय बजट में करने की मंजूरी प्रदान कर दी है और इस तरह केन्द्र और राज्य सरकार ने अपना नैतिक धर्म तो निभा दिया, किंतु फंड का स्वीकृत प्रावधान होने के बावजूद भी जिस परियोजना को 2 वर्षों में पूर्ण कर लेने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी, उसे ⏭ शेष पेज 4 पर

### दहेज प्रताड़ना:तहसीलदार के खिलाफ अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** तहसीलदार द्वारा शादी के बाद पत्नी को 20 लाख व पिता नाम मौजूद मकान को हड़पने के मामले में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर महिला थाना में पुलिस ने तहसीलदार पति व शिक्षा विभाग में पदस्थ सास ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के चांदनी चौक निवासी 26 वर्षीया शालिनी गुप्ता का विवाह 11 जून 2023 को राजपुर निवासी राहुल केशरी से सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। महिला का पति रामचंद्रपुर में तहसीलदार के पद पर पदस्थ है जबकि ससुर दीपक केशरी व सास चांद केशरी शिक्षा विभाग में पदस्थ है। महिला का आरोप है कि शादी के दौरान पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार चार पहिया वाहन खरीदने के लिए 5 लाख रुपए नगद 8 जून 2023 को दिया था। शादी के दो दिन बाद तहसीलदार होते हुए भी अधिक दहेज नहीं मिलने की शिकायत करते हुए 20 लाख रुपए नगद की मांग की गई। इसके साथ ही चांदनी चौक स्थित पिता के मकान को अपने नाम करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया गया। महिला का आरोप है कि सास, ससुर व पति द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया और इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई। मानसिक प्रताड़ता से तंग आकर महिला महिला 24 जुलाई 2023 को वापस अपने घर लौट गई। महिला की शिकायत पर जांच उपरान्त धारा 498 ए, 506 के तहत तहसीलदार पति, सास व ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।




## बारिश के बाद मौसम हुआ साफ

# अच्छी बारिश से किसानी कार्य ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष देरी से मानसून सक्रिय हुआ, लेकिन जब सक्रिय हुआ तो झमाझम बारिश शुरू हो गई और कुछ ही दिनों में भीषण गमी से सूखे खेतों की प्यास बुझ गई। अब हुई अच्छी बारिश का ही असर है कि जुलाई के पहले सप्ताह के शुरूआत में ही जिले के कुछ क्षेत्रों में धान की रोपा कार्य शुरू हो गया।



खेती-किसानी में जुटे किसान।

जानकारी के अनुसार कई किसानों के द्वारा अपने खेतों में पानी की व्यवस्था कर धान की नर्सरी तैयार करने की मानसून के सक्रिय होने के पूर्व ही कर लिए थे, उन किसानों के खेतों में लगाए गए धान की नर्सरी रोपा करने लायक तैयार हो गई, जिनके द्वारा वर्तमान में हुई अच्छी बारिश के बाद रोपा कार्य शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार जिले के पटना क्षेत्र के कई किसानों के द्वारा अपने खेतों में पर्याप्त बारिश के बाद धान की नर्सरी उखाड़ने का कार्य करने के साथ ही खेतों में रोपा लगाने का कार्य भी शुरू कर दिए हैं। हालांकि यह कार्य अभी सीमित क्षेत्रों में है, जिस तरह से इस वर्ष अब तक बारिश हो रही है यही क्रम बना रहा तो एक पखवाड़े के बाद जिले के अधिकांश क्षेत्रों में धान की रोपाई कार्य तेजी पकड़ लेगी।

### ज्यादातर किसान जोत तैयार करने में जुटे

बारिश की शुरूआत होने के साथ ही किसान जोत तैयार कर धान का नर्सरी तैयार करने में जुट गए। ज्यादातर किसानों के द्वारा हाईब्रीड धान बीज का उपयोग करते हैं, जिसे रोपा पद्धति से खेती करने से फसल उत्पादन अधिक होता है। यही कारण है कि ज्यादातर किसान जोत तैयार करने में जुटे हैं, ताकि धान की नर्सरी तैयार कर सके, लेकिन कई किसान ऐसे हैं जो शुरूआती बारिश में ही जोत तैयार कर धान की नर्सरी तैयार करने के कार्य पूरे कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में राज्य शहरी विकास अभिकरण छग के दिशा निर्देशानुसार नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत की मार्ग रेखा पर सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का क्रियान्वयन 1 जुलाई से 31 अगस्त तक किया जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी विनोद चतुर्वेदी, विजय मिश्रा, सफाई दरोगा मुनताज अहमद, शिवलाल, राकेश, सेंटर प्रभारी मो. अजीज, मनीष कुशवाहा सहित सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### युवक के कब्जे से चुराई गई आधा दर्जन सायकलें हुई बरामद



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल सहित आसपास इलाके से पिछले कुछ दिनों में हुए सायकल चोरी मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की गई छह सायकल को बरामद कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से कोयलांचल समेत आसपास इलाके से सायकल चोरी की काफ़ी घटनाएँ हुई थी। इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मूलतः लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी केनापारा निवासी 35 वर्षीय पुनीत बरगाह पिता निजी बरगाह जो कुछ महीने से नगर के टूए कालोनी नर्सरीपारा में रहता है ,के कब्जे से छह नग चोरी की सायकल आरोपी की निशानदेही पर जब्त की गई है। ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर महावीर कॉलोनी निवासी एक स्कूली छात्र की नई सायकल जो साढ़े ग्यारह हजार रुपए की थी, को भी गत दिनों अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। उसको भी आरोपी पुनीत बरगाह के कब्जे से जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पुनीत बरगाह के खिलाफ धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए उसे सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

### केनापारा पर्यटन स्थल के क्वारी में अज्ञात महिला की मिली लाश

**बिश्रामपुर।** पर्यटन स्थल के समीप क्वारी में शुक्रवार को एक अज्ञात महिला की लाश पानी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली, लाश की शिनाख्ति के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मृतिका के लाश को किसी अन्यत्र स्थान से लाकर यहां क्वारी में फेंके जाने का कयास लगाया जा रहा है। बताया गया कि पर्यटन स्थल केनापारा के पीछे क्वारी नंबर छह में शुक्रवार की सुबह मछली पकड़ने गए लोगों ने क्वारी में किसी अज्ञात महिला की लाश तैरता हुआ देखकर तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसडीओपी नंदनी ठाकुर, जयनगर टीआई नरेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक वरुण तिवारी, प्रवीन राठौर, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी वर्मा, बिश्रामपुर थाना से प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, महिला आरक्षक शर्मिला पैकरा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया।

## पेज 3 का शेष...

### धनुहर नाले में हाइवा ....

हो सकी। ज्ञात हो कि धनुहर नाले के पास पलटे भारी वाहन के कारण लगभग 12 घंटे से अधिक समय तक बिलासपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बंद रही, इसके कारण धनुहर नाले के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी, इस कारण वाहन चालकों के साथ अन्य लोगों को भी परेशान होना पड़ा। **भारी बरसात में पुलिया के उपर से पानी-** बिलासपुर मार्ग पर स्थित ग्राम मनसुख के पास स्थित धनुहर नाला पर छोटी पुलिया बनाई गई है, इससे भारी बरसात के बाद पुलिया के उपर से बरसात के समय पानी बहते रहता है। इस पुलिया के दोनों ओर रेलिंग तक नहीं बनाई जा सकी है। ऐसे में कई बार छोटे वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर पुलिया के उपर बहते पानी के धार के बीच वाहन को पार करते हैं जो कभी भी किसी के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

### चिरमिरी-नागपुर रेल ....

अब करीब 6 वर्ष बीतने को है और कार्यारंभ तक नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर बताया जा रहा है कि भूमि अधिग्रहण और टेंडर-प्रक्रिया के बाद ही काम शुरू हो पाएगा, लेकिन यह सब इतने लंबे अंतराल में भी संभव नहीं हो सका है, जिससे भविष्य में लाभान्वित होने जा रहे संपूर्ण सरगुजा और शहडोल दोनों संभागों के लाखों नागरिक एवं कोयलांचलवासी एक-एक दिन प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिनमें घोर निराशा और हताशा व्याप्त है। चूंकि संपूर्ण औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारीगण उपेक्षा और उदासीनतापूर्वक मूंह फेरे हुए हैं, ऐसे में आपके हस्तक्षेप की नितांत आवश्यकता है। अंत में अधिवक्ता श्री पटेल ने प्रधानमंत्री एवं रेलवे के समस्त संबंधित उच्चाधिकारियों सहित जिला प्रशासन से भूमि अधिग्रहण एवं टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए अविलंब आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अपील की है।

## सरपंच-सचिव अब अधिकारियों पर बना रहे सत्यापन करने दबाव

# नियम विरूद्ध कर दिया नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर की पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों में गड़बड़ी व मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। अभी कुछ ही दिनों पूर्व गोविंदपुर पंचायत में तालाब गहरीकरण के नाम पर हुए गड़बड़ी की जांच पूरी भी नहीं हुई है वहीं अब फिर से एक और पंचायत में नियम विरूद्ध नाली निर्माण करने का मामला सामने आया है। सरपंच-सचिव अब नाली निर्माण का सत्यापन के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इधर ग्रामीणों ने नाली निर्माण में गड़बड़ी व घटिया निर्माण करने का आरोप लगाया है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने घटिया निर्माण करने का लगाया आरोप

जिला पंचायत सूरजपुर ने ग्राम पंचायत सिलौटा में आदर्श आदि ग्राम योजना अंतर्गत चार लाख की लागत से शासकीय भूमि पर 205 मीटर लंबी नाली का निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सिलौटा पंचायत के जिस स्थान पर 205 मीटर लंबी नाली का निर्माण होना था वहां पर सरपंच व सचिव ने नियमों को ताक पर रख अपनी मनमानी करते हुए केवल 140 मीटर तक ही नाली का निर्माण कराया। बाकी बचे 45 मीटर नाली के निर्माण को स्वयं का हित साधने के लिए एक खेत के बगल में मौजूद निजी भूमि पर करा दिया। इधर जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ एक महिला तकनीकी सहायक ने भी सरपंच व सचिव से एक हाथ आगे निकलते हुए अपने अधिकार और पद का दुरुपयोग कर नाली निर्माण का मूल्यांकन भी कर दिया। जिस स्थान पर केवल 140 मीटर तक ही नाली का निर्माण हुआ है वहां पर तकनीकी सहायक ने मूल्यांकन के दस्तावेजों में 205 मीटर नाली का निर्माण होना दिखाकर नाली निर्माण को सही करार दे दिया। अब सरपंच व सचिव जनपद पंचायत कार्यालय में रोजाना आकर संबंधित विभाग के अधिकारियों पर नाली निर्माण के कार्य का सत्यापन करने का लगातार दबाव बना रहे हैं। ताकि सत्यापन होने के बाद पंचायत के खाते में नाली निर्माण के चार लाख रुपए आ सकें। अधिकारियों का कहना है कि वे इस तरह से किए गए नियम विरुद्ध निर्माण कार्य का सत्यापन किसी भी सूरत में नहीं करेंगे।



कराए गए नाली निर्माण।

### कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर कर दिया मूल्यांकन

बताया जा रहा है कि सिलौटा पंचायत नाली निर्माण का मूल्यांकन करने वाले तकनीकी सहायक का नहीं बल्कि जनपद पंचायत प्रतापपुर के ही तकनीकी सहायक सत्येन्द्र केरकेट्टा का कार्यक्षेत्र है। फिर भी दूसरे तकनीकी सहायक ने नियमों को ताक पर रखते हुए अपने कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर दूसरे क्षेत्र सिलौटा में हुए नाली निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर दिया। बताया जा रहा है कि शासन ने महिला तकनीकी सहायक को केवल पंचायतों में होने वाले विद्युत संबंधी कार्यों का ही मूल्यांकन करने को पदस्थ कर रखा है। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रख निर्माण से संबंधित कार्यों का भी मूल्यांकन किया जो जांच का विषय है।

### की जाएगी कार्रवाई

मामले की शिकायत मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में कौन-कौन संलिप्त है इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की अनुशंसा करूंगा। **-राधेश्याम मिर्झा**
जनपद सीईओ प्रतापपुर



जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता ।

# जयंती पर याद किए गए डॉ. मुखर्जी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की मौजूदगी में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता कीर्ति वासु सहित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ.मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

अपने उद्बोधन में वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश्वर मिश्रा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी 6 जुलाई 1901-23 जून 1953 एक भारतीय राजनीतिज्ञ, बैरिस्टर और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री वर्तमान में वाणिज्य और उद्योग मंत्री के रूप में जाना जाता है के रूप में कार्य किया। वें सदैव देश हित में कार्य करते रहे। अपने उद्बोधन में कीर्ति वासु ने कहा कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक रहे। आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटा दी, लेकिन प्रश्न उठता है कि इसे किसने लगाया। जब देश आजाद हुआ तब वैकल्पिक सरकार के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार ने इसे लागू किया, तब डॉ. मुखर्जी ने इसका खुलकर विरोध किया और सरकार से अपना इस्तीफा दे दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल ने अपने विचार रखते हुए डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर सुरेश श्रीवास्तव, रामचरित द्विवेदी, जेके सिंह, धर्मेन्द्र पटवा, जयाकर, गीता पासी, सुनैना विश्वकर्मा, गंगा यादव, गंभीर सिंह, जयंती यादव, जमील शाह, प्रतिमा पटवा, पूजा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बीए, बीएससी, बी.कॉम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई एवं एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा सतत रूप से जागरूक किया जा रहा है।

छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जारी किए गए प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर द्वारा संबंद्ध समस्त महाविद्यालय राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संचालित स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन द्वारा प्रथम चरण की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल के जरिए पूर्ण हुई है। इस सत्र से राज्य के समस्त महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष से राष्टीय शिक्षा नीति 2020 लागू है जिसके अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानानुसार विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए कला एवं विज्ञान संकाय के विभिन्न विषय समूह में से किन्ही तीन विषय का चयन करना है।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी देते हुए।

## एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान एक पौधा मां के नाम के अभियान के तहत पर देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में प्रेमाबाग मंदिर में पौधरोपण का आयोजन किया गया।

समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने कहा कि सभी क्षेत्रवासी सम्मिलित होकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पौधा चाहिए हो वो देवरहा सेवा प्रांगण में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शैलेश शिवहरे , समिति के संरक्षक अनिल शर्मा, अशोक चौदाहा, गंगा गुप्ता, बसंत राय, आशीष शुक्ला, श्रीप्रकाश जायसवाल, सुभाष साहू, अनिल खटिक, अवधेश सिंह, ममता गोयन, अर्चना गुप्ता, मनीषा जायसवाल, अनुराग दुबे, अरूण जैन, चंद्रकांत पारग, बबलू महाजन, प्रभुनाथ सिंह, समीर जायसवाल, अभय दुबे, विशाल गुप्ता, रिचेश सिंह, बबलू सिंह, अनुराग तिवारी, हिमांशु अवस्थी, अविनाश सिंह, समवर्थ रूप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



पौधरोपण अभियान में शामिल लोग।

## डाक विभाग में 799 रुपए में 15 लाख का कवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

डाक विभाग का इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी एक विशेष सामूहिक दुर्घटना बीमा पॉलिसी लेकर आया है,जो बेहद किफायती और लाभकारी साबित हो सकता है। इस बीमा पॉलिसी में केवल वार्षिक 599 की प्रीमियम में बीमित। व्यक्ति का 10 लाख एवं 799 रूपए के वार्षिक प्रीमियम पर 15 लाख रूपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

बैकुंठपुर पोष्ट ऑफिस शाखा प्रबंधक ने जानकारी दी कि आजकल के समय में बीमा का महत्व हमारे जीवन में बढ़ गया है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु होने पर या विकलांगता आने पर उसके परिवार पर गंभीर परिणाम होते हैं। ऐसी अनिश्चितताओं के समय में किसी भी प्रकार के बुरे समय के लिए तैयार रहना जरूरी है।

दुर्घटनावश मृत्यु पर 15 लाख रूपए तक, स्थाई रूप से पूर्ण विकलांगता, आंशिक विकलांगता, अंग विच्छेद या पैरालिसिस होने पर 5 लाख, 10 लाख या 15 लाख रूपए तक। ओपीडी के लिए 50 हजार रूपए तक, अस्पताल में भर्ती होने पर 1 लाख रूपए का नियत या वास्तविक दावा इसमें से जो कम हो।

यह बीमा पॉलिसी खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद है, जो महंगे हेल्थ इंश्योरेंस नहीं ले सकते। इस दुर्घटना बीमा पॉलिसी में सभी प्रकार की दुर्घटनाएं जैसे सड़क दुर्घटना, आग, बिजली गिरना, इलेक्ट्रिक शॉक लगना, सर्पदंश, फिसल कर गिर जाना इत्यादि शामिल हैं। भारकीय डाक पोस्ट पेमेंट बैंक आईपीपीबी की यह पहल लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकती है और अनिश्चितताओं के समय में उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी।

## कलेक्टर ने पंडो जनजाति परिवारों से की मुलाकात

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के पंडो जनजाति बाहुल्य क्षेत्र चेरवापारा, सीतापारा में बच्चों और उनके पालकों से मुलाकात की। 26 जून से प्रारंभ हुए शालेय प्रवेशोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर श्री लंगेह लगातार विभिन्न स्कूलों का दौरा कर रहे हैं।

श्री लंगेह ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पढ़ोगे-लिखोगे-सिखोगे तब एक अच्छे नागरिक बनोंगे, स्वयं, परिवार और समाज का विकास करोंगे, इसलिए प्रतिदिन स्कूल जरूर जाएं। उन्होंने पालकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेंजे, भले ही घर के काम जरूरी हों। शासन हर स्तर पर आप लोगों के सहयोग के लिए तैयार है। कलेक्टर श्री लंगेह ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की भी सलाह दी। बरसात के मौसम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताजा और गर्म भोजन का सेवन करें, साफ पानी पीएं। सांप या जहरीले कीड़े काटने पर तत्काल अस्पताल लेकर जाएं। शालेय प्रवेशोत्सव के तहत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह का यह दौरा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदाय के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



पंडो बच्चों से मुलाकात करते कलेक्टर।

## आज निकलेगी जगन्नाथ यात्रा

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के प्रमुख कोयला नगरी चिरमिरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर से भक्तिभाव व उल्लास के साथ 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में शहर व आस-पास के लोग जुटते हैं।



### महामाया मंदिर के लिए हो वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

**अम्बिकापुर।** अधिवक्ता रीता एक्का ने कलेक्टर एवं महापौर को ज्ञापन सौंप महामाया मंदिर गेट निर्माण में हो रहे विलम्ब को देखते हुए श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बनवाने की मांग की है। रीता एक्का ने बताया कि गेट निर्माण से महामाया मंदिर का मार्ग अवरूद्ध हो गया है तथा वार्डवासियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।




## छात्र अब्दुल्ला को मिली एक लाख की छात्रवृत्ति

**मनेन्द्रगढ़।** केन्द्र सरकार की पीएसवाई (प्रतिभा सम्मान योजना) के तरह आयोजित परीक्षा जिसका आयोजन एमसीबी व आस-पास के विभिन्न जिलों के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए दिसंबर माह में शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय तथा शिक्षा के मानक केन्द्र दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में किया गया था। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के दो मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मोहम्मद अब्दुल्ला को लिखित परीक्षा में स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र एवं एक लाख रूपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था- प्रदूषित गंगा घाट, वाराणसी तथा इसमें भी अनेक जिले के विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन सभी में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ की छात्रा अनाया सिंह को उत्कृष्ट चित्रकला का प्रमाण पत्र दिया गया। यह दोनों ही छात्र-छात्रा अपने स्तर के प्रथम चरण को पार कर द्वितीय चरण के लिए चयनित हो चुके हैं। गौरतलब है कि मोहम्मद अब्दुल्ला को एक लाख रूपए का त्रिवर्षीय स्कॉलरशिप प्रदान किया जाना है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने दोनों बच्चों को बधाई दी।

### वृद्धाश्रम में मनाया अपना जन्मदिन

# दूसरों की खुशी में अपनी खुशीः श्वेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

खुद के लिए तो हर कोई जीवन जीता है, लेकिन कम ही लोग होते हैं जो दूसरों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढते हैं। समाजसेवी संस्था वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की अध्यक्ष श्वेता पोद्दार इसी बात का उदाहरण हैं। इन्होंने अपना जन्मदिन उस परिवार के साथ मनाया, जो इनका न होकर भी इनका अपना है।

इन्होंने वृद्धा आश्रम में अपना जन्मदिन मनाया और वहां मौजूद लोगों में केक व फल बांटे। वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण में डॉक्टर डे और सीए डे मनाया। उनको पौधे उपहार और केक काटकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में श्रीमती लीना साह के बेटे के जन्मदिन पर शनिवार को आंगनबाड़ी के बच्चों को बिस्कुट ट्रॉफी, खिलौने भेंट कर तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। इंदु सैनी ने सबको मिष्ठान खिलाकर श्वेता पोद्दार का जन्म दिन मनाया। श्वेता पोद्दार ने अपना जन्मदिन वृद्धआश्रम में मनाया।

स्वलपाहार केक खिलाकर बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। अपने जन्म दिन पर श्रीमती श्वेता ने 5 पौधे रोपित किए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया, एरिया आफिसर पम्मी अरोरा, इंदु सैनी, मधु, लीना शाह , शीला और सचिव प्रतिभा अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस सत्र का विषय वृद्ध जन सेवा है। इस अवसर पर श्वेता पोद्दार ने कहा कि हम आगे भी ऐसे ही सेवाकार्य करते रहेंगे। 8 जुलाई को क्लब के स्थापना दिवस पर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।



